भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रेस विज्ञप्ति

01.09.2025 -अखिल भारतीय

## "भारतीय जीवन बीमा निगम ने मनाई अपनी गौरवशाली 69वीं वर्षगांठ"

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी तथा एक वित्तीय समूह, जिसने भारतीय ब्रांड्स में सबसे तीव्र गति से उभरते हुए 36% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, अपने गौरवपूर्ण 69 वें स्थापना दिवस 1 सितम्बर, 2025 को मना रहा है। यह उपलब्धि हमारी टीम की निष्ठा और कठिन परिश्रम, हमारे ग्राहकों द्वारा एलआईसी पर जताए गए अपार विश्वास तथा उस सुदृढ़ प्रणाली का प्रमाण है, जिसने निरंतर उत्कृष्टता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।

व्यवसाय के 69 वर्षों के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुँचते हुए, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) गर्व के साथ अपनी विकास, नवाचार तथा उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की यात्रा को स्मरण करता है। बीमा क्षेत्र के उदारीकरण को दो दशक से अधिक समय हो जाने के बाद भी एलआईसी ने अपने अग्रणी नेतृत्व स्थान को बनाए रखा है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 65.83% पॉलिसी बाज़ार हिस्सेदारी तथा 57.05% प्रथम वर्ष प्रीमियम आय की हिस्सेदारी के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। एलआईसी की कुल परिसंपत्ति प्रबंधन राशि (एयूएम) में भी 6.45% की वृद्धि दर्ज हुई है, जो बढ़कर ₹54.52 लाख करोड़ तक पहुँच गई है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हम गर्व और कृतज्ञता के साथ अपनी यात्रा पर विचार करते हैं, जिसके पीछे पूरे देश में फैले हमारे व्यापक नेटवर्क की ताक़त है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) समाज के प्रत्येक वर्ग की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 35 व्यक्तिगत उत्पाद, 12 समूह उत्पाद, 7 व्यक्तिगत राइडर्स और 1 समूह राइडर सहित व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करता है। इसमें एंडोमेंट इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस, चाइल्ड इंश्योरेंस, वार्षिकी योजनाएँ, समूह बीमा, सूक्ष्म बीमा, स्वास्थ्य और यूनिट लिंक्ड उत्पाद शामिल हैं। ये योजनाएँ ऑफ़लाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं।

एलआईसी का गोल्डन जुबिली फाउंडेशन (जीजेएफ) वर्ष 2006 में एलआईसी की सामुदायिक सेवा पहलों के तहत स्थापित किया गया था। अब तक इस फाउंडेशन के माध्यम से 926 परियोजनाओं में ₹283 करोड़ और 30,835 छात्रवृत्तियों के रूप में ₹80.62 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, एलआईसी ने अपनी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की, जिससे अपने व्यापक ग्राहक वर्ग के लिए सुविधा और कार्यक्षमता के नए युग की शुरुआत हुई। एलआईसी के कस्टमर पोर्टल और एलआईसी डिजिटल मोबाइल ऐप के 2.40 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जो स्व-सेवा (self-service) सुविधाएँ प्रदान करते हैं। एलआईसी ने अपने वैश्विक डिजिटल विस्तार को भी बढ़ाया, जिसमें एलआईसी

डिजिटल एनआरआई ऐप की शुरुआत, क्यूआर-आधारित संग्रह, और व्हाट्सएप-सक्षम भुगतान एवं अलर्ट लिंक शामिल हैं।

एलआईसी ने अपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमताओं का भी विस्तार किया है, जिसमें एलआईसी मित्र 2.0 शामिल है, जो दस भारतीय भाषाओं में उपलब्ध एक बहुभाषी, संवादात्मक चैटबॉट है। यह पॉलिसी सेवा, दावा, उत्पाद तुलना और सामान्य प्रश्नों (FAQs) के लिए व्यक्तिगत सहायता प्रदान करता है। एलआईसी का एआई-संचालित डिजिटल अस्तित्व प्रमाणपत्र प्लेटफ़ॉर्म, जीवन साक्ष्य ऐप, 50,000 से अधिक प्रमाणपत्रों के जारी होने में सक्षम हुआ।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान निगम को मोबाइल अभियान, नवोन्मेषी उत्पाद, सबसे पसंदीदा कार्यस्थल, ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा समावेशन और किफायती मूल्य पर बीमा, ई-व्यवसाय, क्लेम निपटान, डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवा आदि क्षेत्रों में कुल 22 पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए।

2024-25 के दौरान थर्ड पार्टी के माध्यम से प्राप्त कुछ ब्रांड रैंकिंग इस प्रकार हैं:
1) ब्रांड फाइनेंस 2025 रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी सबसे तेज़ी से बढ़ते भारतीय ब्रांड के रूप में उभरा है और इसने 36% की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है।
2) रीडर्स डाइजेस्ट ट्रस्टेड ब्रांड, सितंबर 2024 के अनुसार, एलआईसी ऑफ इंडिया को नंबर 1 विश्वसनीय ब्रांड (No.1 Trusted Brand) के रूप में मान्यता दी गई है।
3) फॉर्च्यून 500 इंडिया-2024 के आधार पर कुल राजस्व के मामले में एलआईसी ऑफ़ इंडिया को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ (पिछले वर्ष तीसरा स्थान)।
4) ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100 - 2025 रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी ऑफ इंडिया दुनिया के शीर्ष 10 सबसे मज़बूत बीमा ब्रांडों की सूची में तीसरे स्थान पर है।

एलआईसी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वित्तीय समूह भी है, जिसकी उपस्थिति 11 देशों में है। एलआईसी ने अपने सहायक और सहयोगी कंपनियों जैसे एलआईसी एचएफएल, एलआईसी एचएफएल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड ट्रस्टी प्रा. लिमिटेड, एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, एलआईसी काड्र्स सर्विसेज लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड और आईडीबीआई बैंक ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड के माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाओं में भी प्रवेश किया है।

इस अवसर पर, हम अपने पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों, कर्मचारियों और फील्ड फोर्स का उनके वर्षों से अटूट समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। हमारा उद्देश्य विश्वास को कायम रखने और अपने वादों को निभाने पर केंद्रित है। आगे बढ़ते हुए, हम उन मूल्यों को बनाए रखने का प्रयास करेंगे जिन्होंने हमारे ग्राहकों के

विश्वास को अर्जित किया है। हम अपने ग्राहकों के कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हैं और अपने मार्गदर्शक सिद्धांत “योगक्षेमं वहाम्यहम् – आपका कल्याण हमारी जिम्मेदारी है (Your welfare is our responsibility)” के पालन में निरंतर समर्पित हैं। यह प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों को ईमानदारी और देखभाल के साथ सेवा प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

दिनांक 1 सितंबर, 2025 को मुंबई में
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें -
कार्यकारी निदेशक (नि.सं.), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएँ।

---

हम आशा करते हैं कि यह समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। हम आपके द्वारा इसके शीघ्र प्रकाशन हेतु आभारी रहेंगे, यद्यपि इसका निर्णय पूर्णत: आपके विवेक पर निर्भर है।